# सरधना में चारागाह की जमीन पर दो औद्योगिक क्षेत्र हो सकते हैं विकसित

- शासन को यूपीसीडा ने भेजा प्रस्ताव, प्रदेश सरकार जल्द कर सकती है घोषणा
- खेड़ीकला और खिवाई में चिह्नित की गई जमीन, दो जमीन है अतिक्रमण मुक्त

जासं, मेरठ : अब औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार सरधना क्षेत्र की तरफ होने जा रहा है। इसके लिए खेड़ीकला और खिवाई में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। दोनों स्थानों की चारागाह की जमीन का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव स्वयं सरकार से मांगा गया था, इसलिए पूरी उम्मीद है कि प्रदेश सरकार जल्द ही इस भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की घोषणा करेगी।

खेड़ीकला में लगभग 50 एकड़ व खिवाई में 27 एकड़ जमीन है। यह जमीन चारागाह की है। हालांकि शासन ने ही सरकारी जमीन को चिह्नित करके प्रस्ताव मांगा था उसी आधार पर यूपीसीडा ने प्रस्ताव भेजा है। यह जमीन अतिक्रमण मुक्त है और कोई विवाद भी नहीं है। ऐसे में यदि सरकार इसे औद्योगिक क्षेत्र के लिए मंजूरी देती है तो बिना देरी के विकास कार्य शुरू हो सकता है। वैसे तो चारागाह की जमीन का उपयोग नहीं बदला जाता है, लेकिन इस तरह का प्रयोग कन्नौज में इत्र पार्क बनाने के लिए किया गया था। इसमें यह विकल्प दिया जाता है कि इतनी ही जमीन सरकार दूसरे स्थान पर चारागाह के लिए आरक्षित कर देती है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि शासन से ही प्रस्ताव मांगा गया था, उसी आधार पर यूपीसीडा ने जमीन चिह्नित करके प्रस्ताव शासन को भेजा है।

## क्षेत्र की यह है स्थिति

गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे बिजौली में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की प्रक्रिया चल रही है। यहां पर प्रथम चरण में 170 एकड़ में क्षेत्र विकसित किया जाएगा। इसके लिए वर्तमान में 80 प्रतिशत जमीन खरीदी जा चुकी है। बाकी जमीन के लिए किसानों से वार्ता की जा रही है। जिला प्रशासन बाकी जमीन की खरीद के लिए भूमि अधिग्रहण कानून का सहारा ले सकता है।